प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि : कहा– पुलिस कर्मियों के भत्ते बढ़ाने के लिये अगले बजट में दस करोड़ रुपये की होगी वृद्धि।
2. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह का किया संबोधित : कहा– विकसित भारत बनाने में युवाओं की भूमिका है अहम।
3. मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने दाखिल किया नामांकन।

और

4. लखनऊ में दस दिवसीय माटी कला मेला का एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने किया शुभारम्भ : कहा– माटी कला से जुड़ कारीगरों को मिल रहा है सरकारी योजनाओं का लाभ।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ–साथ बैरक में रहने वाले आरक्षियों के आवास

भत्ते में 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी सहित अन्य मदों के लिये अगले वित्तीय वर्ष के बजट में दस करोड़ रुपये की वृद्धि की घाषणा की। इन सभी पर प्रदेश सरकार 115 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने बहुमंजिला आवास और प्रशासनिक भवन के रख रखाव के लिये एक हजार 380 करोड़ रुपये के कॉरपस फंड की भी घोषणा की है। बाइट..

*पुलिस बल के समस्त कर्मियों को वर्दी भत्ता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। पिछली बार दो हजार उन्नीस में इस भत्ते में बढ़ोतरी की गई थी। वर्तमान प्रवेश में वर्दी की खरीद और रखरखाव में आ रहे खर्च को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव के अनुसार उसमें बढ़ोतरी किए जाने की घोषणा की जाती है। खर्च में लगभग सत्तर फीसदी की वृद्धि की जाती है जिसमें अट्ठावन करोड़ रुपये का फिक्स व्यय भार आएगा जिसका वहन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जाएगा। पुलिस विभाग के कार्य की आकस्मिकता के अनुसार मुख्य आरक्षी और आरक्षी के लिए बैरक में रहना एक प्रावधान है। लगभग एक लाख से ज्यादा ऐसे कर्मियों के लिए पूर्व में पुलिस एकोमोडेशन अलाउंस की व्यवस्था की गई थी। इस भत्ते में प्रस्तावानुसार बढ़ोतरी की घोषणा की जाती है। इससे पुलिस बल के पच्चीस प्रतिशत से ज्यादा अल्प वेतनभोगी कार्मिक लाभान्वित होंगे।*

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पुलिस शहीद स्मारक पर दिवंगत पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंन कर्तव्य पालन करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इस दौरान उन्होंने शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों को सम्मानित भी किया। इसी क्रम में प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन कर शहीद पुलिसकर्मियों को याद किया गया।

————————

युवा सकारात्मक परिवर्तन के निर्माता हैं और उन्हें 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज अलीगढ़ राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। स्नातक और स्नातकोत्तर में सर्वोच्च अंक पाने वाले 41 मेधावी छात्रों को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण पदक प्रदान किये। श्री धनखड़ ने आज विश्वविद्यालय के छात्रों की सभी डिग्री और मार्कशीट को डिजीलॉकर पर संग्रहीत करने की प्रक्रिया की शुरूआत भी की। हमारी प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट...

*विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक योग्यता देश के लिए धरोहर है। उन्होंने कहा कि आज के युवा भारत की विकासशील विकास गाथा का हिस्सा होंगे। इस दौरान श्री धनखड़ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने सभी से एक पौधा मां के नाम पर लगाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांच गांवों के विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। साल 2019 में योगी सरकार ने अलीगढ़ में राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय शुरू करने का ऐलान किया था. इसके बाद 14 सितंबर 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस इस विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी। आकाशवाणी, लखनऊ के समाचार कक्ष से मैं सुषमा कुकरेती।*

—————————

मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिये आज सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने

अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सपा सांसद डिम्पल यादव सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद थे। करहल की सीट सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुई थी। बसपा ने इस सीट पर अवनीश शाक्य को अपना प्रत्याशी बनाया है, जबकि भाजपा ने इस सीट पर अपने किसी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है। करहल से नामांकन दाखिल करने के बाद सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने कहा कि करहल की जनता से उनका गहरा रिश्ता है और वे उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे। उधर, महोबा में कांग्रेस के मंडलीय सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में इंडिया गठबंधन मिलकर उपचुनाव लड़ेगा।

---

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृषि एवं किसान कल्याण रामनाथ ठाकुर की अध्यक्षता में आज लखनऊ में आयोजित बैठक में कृषि से संबंधित केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य में किसान रजिस्ट्री तैयार करने का काम एक सप्ताह के भीतर शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कृषि के विकास पर

जोर देते हुए किसानों को समय से खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

लखनऊ स्थित खादी भवन में उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा आयोजित दस दिवसीय माटी कला मेला आज से शुरू हो गया है। इसका उद्घाटन प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने किया। इस अवसर पर श्री सचान ने कहा कि माटी कला से जुड़े कारीगरों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मेले में विभिन्न जनपदों के उत्कृष्ट शिल्पकारों द्वारा निर्मित माटी कला उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी लगाई गई है। बाइट.........

*दो हज़ार अट्ठारह के बाद आज पांच सालों में लगभग हम लोगों ने तैंतालीस करोड़ रूपये अपने उत्तर प्रदेश के खजाने से खर्च करके आज मिट्टी से जुड़े जितने भी उद्यमी थे, जितने भी कारीगर थे इनको हम लोगों ने चिन्हित किया। बहुत सारी विभाग की योजनाएं हमारी चलती हैं। जिन*

*योजनाओं के चलते हम लोग इनको प्रशिक्षण भी देते हैं। प्रशिक्षण देने के बाद किट भी देते हैं। माटी कला मुख्यमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों से हम लोग ऋण दिला कर के आठ सौ अस्सी इकाइयों को स्थापित किया है, उत्तर प्रदेश में जिसमें पूंजीगत पच्चीस परसेंट की मार्जिन मनी देकर के उनकी मदद करने का हमारे विभाग ने काम किया है।*

———————

**एनसीसी के महानिदेशक के तत्वावधान में राष्ट्रीय कैडिट कोर एनसीसी ने 76वें गणतंत्र दिवस से पहले कानपुर के अटल घाट से कोलकाता तक विशेष नदी नौकायन अभियान शुरू किया। इस अभियान में प्रतिभाग कर रहे मेजर जनरल विक्रम कुमार ने बताया कि इस यात्रा का मकसद नदियों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिये जन जागरूकता पैदा करना है। बाइट.......**

*आज के नौकायन की जो यात्रा है वह कानपुर से लेकर कोलकाता तक की है। 16 सौ पांच किलोमीटर की यह नौकायन है। इस नौकायन में पांच सौ 28 कैडेट हिस्सा ले रहे हैं। इसका मकसद है हमारी नदियां जो संस्कृति की धरोहर है उनमें जो प्रदूषण हो रहा है, उसको रोकने के लिये आम जनता में जागरूकता फैलाने का एक मैसेज देना है।*

———————

**प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री किरणपाल सिंह का आज मेरठ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बुलंदशहर के धमेड़ा कीरत गांव के रहने वाले किरणपाल सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। किरणपाल सिंह बुलंदशहर की अगाता सीट से पांच बार विधायक रहे।**

किरणपाल सिंह प्रदेश सरकार में बेसिक शिक्षामंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में वे राष्ट्रीय लोक दल में राष्ट्रीय सचिव के पद पर थे।

——————

पीलीभीत स्थित टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना 25 अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए टाइगर रिजर्व की पांच वन रेंजों में कुल चार सौ दो स्वचालित कैमरे लगाए जाएंगे। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि पिछली गणना के अनुसार पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इकहत्तर बाघ मौजूद थे।

——————

रणजी ट्रॉफी मुकाबले में उत्तर प्रदेश और हरियाणा के बीच खेला जा रहा मैच आज ड्रा हो गया। 18 अक्टूबर से शुरू हुए इस मुकाबले में हरियाणा ने पहली पारी में 453 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम पहली पारी में सिर्फ 364 रन बना सकी और 89 रन से पिछड़ गई। आज मैच के आखिरी दिन हरियाणा ने अपनी दूसरी पारी की शुरूआत करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाएं। इस प्रकार खेल का कोई नतीजा नहीं निकल सका।

——————

गोरखपुर के रामगढ़ताल में कल से 26 अक्टूबर तक सब जूनियर नेशनल रोइंग चंपियनशिप का आयोजन होने

जा रहा है। इसमें 20 राज्यों के दो सौ तैंतालीस खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस चैंपियनशिप में रेस कोर्स का उद्घाटन कल होगा जबकि खिलाड़ियां के बीच प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 23 अक्टूबर को खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव करेंगे। 26 अक्टूबर को रोइंग चौंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

(समाप्त)